भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1421

गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के तहत की गई पहल**

**1421. डा.विनय पी. सहस्रबुद्धेः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के अंतर्गत क्या-क्या विभिन्न पहल की गई है;

(ख) क्या मंत्रालय ने विगत पांच वर्षों के दौरान किन्हीं द्विपक्षीय पर्यटन सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;और

(ग) क्या मंत्रालय कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन के हटाए जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के माध्यम से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई कार्रवाई करना चाहता है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय विदेशी और अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ), दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान), बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क), ब्रिक्स, आईबीएसए आदि के साथ पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए विभिन्न परामर्श और वार्ता में संलग्न है। मंत्रालय द्वारा की गई पहलों की कुछ मुख्य विशेषताओं में, 2019 में यूएनडब्ल्यूटीओ विश्व पर्यटन दिवस का आधिकारिक समारोह, 2019 को आसियान - भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाना, अमेरीका के साथ सहमत कार्य-योजना आदि के तहत सहयोग बढ़ाने और गतिविधियों के आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए वर्ष 2017 को भारत- यूएसए साझेदारी वर्ष के रूप में नामित करना आदि है। पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटन मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग द्वारा की गई पहलों का विवरण **अनुबंध-I** पर देखा जा सकता है।

(ख): विभिन्न देशों के साथ करारों/समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना एक सतत प्रक्रिया है और पर्यटन मंत्रालय ने अन्य देशों और बहुपक्षीय मंचों के साथ पर्यटन सहयोग के क्षेत्र में करारों/समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पर्यटन के क्षेत्र

में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग के लिए विभिन्न देशों के साथ पिछले पांच वर्षों में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों/समझौतों का विवरण **अनुबन्ध-II** में देखा जा सकता है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने अन्य देशों और बहुपक्षीय मंचों के साथ सहयोग को सुदृढ करने और इनमें वृद्धि करने के लिए विभिन्न समारोहों का आयोजन किया और कार्यक्रमों भाग लिया है। मंत्रालय ने पर्यटक आगमन को बढ़ावा देने के लिए कोविड के बाद पर्यटन गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए भारतीय और विदेशी हितधारकों के बीच संवाद को भी प्रोत्साहित किया है। की गई गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:-

पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित और होस्ट की गई अन्य आयोजित गतिविधियां :

i. कंबोडिया (22.09.2021) और श्रीलंका (14.10.2021) के साथ संयुक्त कार्यकारी समूह की बैठक की मेजबानी और सह-अध्यक्षता।
ii. ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) पर्यटन मंत्रियों की बैठक का आयोजन (13.07.2021)
iii. आईबीएसए (भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका) पर्यटन मंत्रियों की बैठक का आयोजन (12.08.2021)
iv. ब्रिक्स और आईबीएसए देशों के पर्यटन मंत्रालयों/विभागों की वरिष्ठ अधिकारी स्तरीय बैठकें आयोजित की गई।
v. आसियान - भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 26वीं बैठक की सह-अध्यक्षता (08.07.2021)

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने इटली द्वारा आयोजित जी-20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक, नीति आयोग के उपाध्यक्ष और रूसी संघ के आर्थिक विकास मंत्री की सह-अध्यक्षता में तीसरी भारत रूस सामरिक आर्थिक वार्ता, दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित आईबीएसए के पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के पर्यटन प्रशासन के प्रमुखों की बैठक, एशिया और प्रशांत आयोग (सीएपी) और दक्षिण एशिया आयोग (सीएसए) के संयुक्त आयोग की 33वीं बैठक, संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) महासभा के 24वें सत्र में भाग लिया है।

*******

**अनुबंध-I**

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के तहत की गई पहल के सम्बन्ध में दिनांक 09.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1421 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले पांच वर्षों में पर्यटन मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग द्वारा की गई पहलों की सूची**

| **2016 - 17** | | |
|---|---|---|
| **समझौता ज्ञापन/ करारों पर हस्ताक्षर** | **पर्यटन संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें** | **अन्य महत्वपूर्ण कार्य और पहलें** |
| i. मालदीव | i. भारत-कंबोडिया संयुक्त कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक | i. संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की कार्यकारी परिषद के 103वें सत्र में भाग लिया |
| ii. कतर | ii. भारत - श्रीलंका संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक | ii. पूर्वी एशिया और प्रशांत के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ क्षेत्रीय आयोग और दक्षिण एशिया के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ आयोग (सीएपी-सीएसए) की 28वीं संयुक्त बैठक |
| iii. दक्षिण अफ्रीका | *iii.* भारत-जापान संयुक्त कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक | iii. 16वीं भारत आसियान कार्यकारी समूह कार्यकारी समूह की बैठक |
| iv. किर्गिज़स्तान | | iv. यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद का 104वां सत्र |

| **2017 - 18** | | |
|---|---|---|
| **समझौता ज्ञापन / करारों पर हस्ताक्षर** | **पर्यटन संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें** | **अन्य महत्वपूर्ण कार्य और पहलें** |
| i. ओमान | i. भारत - ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक | i. पूर्वी एशिया और प्रशांत के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ आयोग और दक्षिण एशिया के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ आयोग की 29वीं संयुक्त बैठक की सह-मेजबानी की। |
| | ii. भारत - जापान | ii. फिलीपींस के पर्यटन विभाग और |

| | | |
|---|---|---|
| | संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक | यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पर्यटन सांख्यिकी: सतत पर्यटन का मापन पर छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। |
| | | iii. बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए पहल), टूर ऑपरेटरों की पहली बैठक की मेजबानी की। |
| | | iv. आसियान-भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 18वीं बैठक की सह-अध्यक्षता। |
| | | v. संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) महासभा के 22वें सत्र में भाग लिया। |
| | | vi. सांख्यिकी और पर्यटन उपग्रह (टीएसए) पर यूएनडब्ल्यूटीओ समिति की 18वीं बैठक में भाग लिया। |
| | | vii. "एशिया में संवाद एवं विश्वास निर्माण के उपाय पर सम्मेलन" (सीआईसीए) द्वारा "पर्यटन के माध्यम से पूरे एशिया में पुलों का निर्माण" पर कार्यशाला। |
| | | viii. आसियान-भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 19वीं बैठक में भाग लिया और सह-अध्यक्षता की। |
| | | ix. आसियान-भारत पर्यटन मंत्रियों की 8वीं बैठक में भाग लिया और सह-अध्यक्षता की। |

| **2018 - 19** | | |
|---|---|---|
| **समझौता ज्ञापन / करारों पर हस्ताक्षर** | **पर्यटन संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें** | **अन्य महत्वपूर्ण कार्य और पहलें** |
| i. बुल्गारिया | **i.** भारत - दक्षिण अफ्रीका के संयुक्त कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक | i. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) तटीय और समुद्री पर्यटन कार्यशाला और तीसरी आईओआरए पर्यटन विशेषज्ञों की बैठक में भाग लिया। |
| ii. माल्टा | ***ii.*** भारत - कंबोडिया | ii. शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की |

| | | |
|---|---|---|
| | के संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक | पर्यटन मंत्रियों की पहली बैठक में भाग लिया। |
| iii. रोमानिया | iii. भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक | iii. यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद के 108वें सत्र में भाग लिया। |
| iv. कोलंबिया | iv. भारत - नेपाल संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक | iv. संयुक्त कार्य योजना विकसित करने पर पर्यटन मंत्री और यूएनडब्ल्यूटीओ के महासचिव के बीच बैठक की सह-अध्यक्षता । |
| v. उज़्बेकिस्तान | v. भारत - जापान संयुक्त कार्यकारी समूह की तीसरी बैठक | v. यूनेस्को और यूएनडब्ल्यूटीओ के सहयोग से टोक्यो डेवलपमेंट लर्निंग सेंटर द्वारा आयोजित बौद्ध परिपथ कार्यशाला में भाग लिया। |
| vi. कोरिया | | vi. आसियान भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 20वीं बैठक में भाग लिया। |
| vii. अर्जेंटीना | | vii. यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद के 109वें सत्र में भाग लिया। |
| viii. सऊदी अरब | | viii. माननीय विदेश मंत्री की अध्यक्षता में भारत-चीन उच्च स्तरीय बैठक में भाग लिया। |
| ix. क्रोएशिया | | ix. आसियान भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक और आसियान भारत पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भाग लिया और सह-अध्यक्षता की। |
| | | x. सांख्यिकी और पर्यटन उपग्रह लेखा पर यूएनडब्ल्यूटीओ समिति की 19वीं बैठक में भाग लिया। |

| **2019 – 2020** | | |
|---|---|---|
| **समझौता ज्ञापन / करारों पर हस्ताक्षर** | **पर्यटन संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें** | **अन्य महत्वपूर्ण कार्य और पहलें** |
| i. परागुआ | i. भारत - ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्यकारी समूह की तीसरी | i. जी-20 पर्यटन मंत्रियों के लिए जी-20 वरिष्ठ अधिकारियों की 9वीं बैठक में भाग लिया। |

| | | |
|---|---|---|
| | बैठक | |
| ii. फिलीपींस | | ii. शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के पर्यटन पर विशेषज्ञ कार्यकारी समूह की बैठक। |
| iii. फिनलैंड | | iii. दक्षिण एशिया आयोग और एशिया और प्रशांत आयोग की बैठक में भाग लिया। |
| | | iv. यूएनडब्ल्यूटीओ की कार्यकारी परिषद के कार्यक्रम और बजट समिति की बैठक के 110वें सत्र में भाग लिया। |
| | | v. आसियान - भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 22वीं बैठक की सह-अध्यक्षता । |
| | | vi. यूएनडब्ल्यूटीओ महासभा के 23वें सत्र में भाग लिया। |
| | | vii. आईबीएसए सदस्य देशों के बीच पर्यटन पर कार्य योजना के हिस्से के रूप में "टूर ऑपरेटरों के आईबीएसए वार्षिक कार्यक्रम" का आयोजन किया । |
| | | viii. नई दिल्ली में यूएनडब्ल्यूटीओ विश्व पर्यटन दिवस के आधिकारिक समारोहों का आयोजन और मेजबानी की । |
| | | ix. जी 20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। |

| **2020-21** | |
|---|---|
| **पर्यटन संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें और अन्य महत्वपूर्ण कार्य और पहल** | |
| **क्र.** | **गतिविधियां** |
| i. | भारत - फिलीपींस संयुक्त कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक । |
| ii. | जी-20 पर्यटन मंत्रियों की असाधारण वर्चुअल बैठक में भाग लिया। |
| iii. | पूर्वी एशिया और प्रशांत के लिए 32वें यूएनडब्ल्यूटीओ आयोग और दक्षिण एशिया के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ आयोग की बैठक में भाग लिया। |
| iv. | जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक में भाग लिया। |
| v. | पर्यटन और प्रतिस्पर्धा संबंधी समिति (सीटीसी) की 10वीं यूएनडब्ल्यूटीओ (वर्चुअल) बैठक में भाग लिया। |
| vi. | हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की पहली वर्चुअल कोर ग्रुप ऑन टूरिज्म (सीजीटी) बैठक में भाग लिया। |
| vii. | आसियान-भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 24वीं बैठक में भाग लिया और सह-अध्यक्षता की। |

| | |
|---|---|
| viii. | यूएनडब्ल्यूटीओ की 112वीं कार्यकारी परिषद में भाग लिया। |
| ix. | कार्यक्रम और बजट की यूएनडब्ल्यूटीओ समिति (पीबीसी) में भाग लिया। |
| x. | रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता में ब्रिक्स पर्यटन मंत्री की बैठक में भाग लिया। |
| xi. | पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कोड के विकास के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ वर्चुअल/समिति की पहली बैठक में भाग लिया। |
| xii. | टूर ऑपरेटरों के बिम्सटेक नेटवर्क की दूसरी बैठक में भाग लिया । |
| xiii. | यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद के 113वें सत्र में भाग लिया । |
| xiv. | आसियान-भारत पर्यटन मंत्रियों की 8वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। |
| xv. | आसियान-भारत पर्यटन कार्यकारी समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। |
| xvi. | इटली की अध्यक्षता में जी- 20 पर्यटन कार्यकारी समूह की पहली बैठक में भाग लिया। |

*******

**अनुबंध-II**

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के तहत की गई पहल के सम्बन्ध में दिनांक 09.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1421 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**<u>पिछले पांच वर्षों में विदेशों के साथ और पर्यटन मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षरित करार / समझौता ज्ञापन</u>**

| क्र.सं. | उस देश का नाम, जिसके साथ एमओयू/करार/प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए हैं | एमओयू/करार/आशय पत्र | हस्ताक्षर की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | मालदीव | समझौता ज्ञापन | 10.04.2016 |
| 2. | कतर | समझौता ज्ञापन | 05.06.2016 |
| 3. | दक्षिण अफ्रीका | समझौता ज्ञापन | 08.07.2016 |
| 4. | किर्गिज़स्तान | समझौता ज्ञापन | 20.12.2016 |
| 5. | ओमान | समझौता ज्ञापन | 11.02.2018 |
| 6. | बुल्गारिया | समझौता ज्ञापन | 05.09.2018 |
| 7. | माल्टा | समझौता ज्ञापन | 17.09.2018 |
| 8. | रोमानिया | समझौता ज्ञापन | 19.09.2018 |
| 9. | कोलम्बिया | समझौता ज्ञापन | 04.10.2018 |
| 10. | उज़्बेकिस्तान | करार | 01.10.2018 |
| 11. | कोरिया | समझौता ज्ञापन | 05.11.2018 |
| 12. | अर्जेंटीना | समझौता ज्ञापन | 18.02.2019 |
| 13. | सऊदी अरब | समझौता ज्ञापन | 20.02.2019 |
| 14. | क्रोएशिया | समझौता ज्ञापन | 26.03.2019 |
| 15. | पराग्वे | समझौता ज्ञापन | 27.09.2019 |
| 16. | फिलीपींस | समझौता ज्ञापन | 18.10.2019 |
| 17. | फिनलैंड | समझौता ज्ञापन | 21.11.2019 |

********